# लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए जागरूकता जरूरी : डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध राष्ट्रीय अभियान जो 25 नवंबर 2024 से 23 दिसंबर 2024 तक चलने वाली है। समाज कल्याण विभाग लोहरदगा के तत्वाधान में लोहरदगा के बड़ा तालाब परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के लिए प्रचार प्रसार एवं लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के हिंसा पर सभी जगह परिचर्चा एवं चिंतन होना चाहिए तथा इसके उन्मूलन के लिए सामाजिक संगठनों के साथ योजना बनाकर कार्य करने की आवश्यकता है। महिलाओं के प्रति हिंसा रोकने के लिए बनाए गए कानूनों को लागू करने की सामाजिक जिम्मेदारी है। महिलाओं के महानता के बारे में बताते हुए उन्होंने बताया कि वह पूरे भारत देश की माता है उनकी सम्मान एवं पूजा होनी चाहिए। इस अवसर पर जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। साथ ही हिंसा के खिलाफ जागरूकता के लिए शपथ लिया गया। इस कार्यक्रम में अधिवक्ता प्रिंवादा कुमारी, एवं सखी मंडल के दीदी एवं अन्य उपस्थित थी।

## लोहरदगा में जेंडर आधारित हिंसा के विरुद्ध कार्यक्रम आयोजित






### महिलाओं के खिलाफ हिंसा एक दंडनीय अपराध है : डीएसडब्ल्यूओ

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा ने बताया कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा एक दंडनीय अपराध है समाज के सभी लोगों को इसके खिलाफ आवाज उठाना चाहिए उन्होंने उपस्थित महिलाओं से अपील की किए हुए हिंसा के खिलाफ चुप रह कर इसका सहभागी न बने। उन्होंने कहा कि अन्याय के खिलाफ साथ दे। उन्होंने हिंसा के खिलाफ शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 एवं साइबर सेल 1930 के बारे में विस्तार पूर्वक बताई।

### महिलाएं अपनी समस्याओं को निःसंकोच होकर पुलिस प्रशासन के समक्ष रखें : श्रद्धा केरकेट्टा

जिले की अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा ने मौके पर मौजूद महिलाओं और युवतियों को कहा कि आप अपने साथ होने वाली प्रताड़ना या फिर किसी प्रकार की समस्याओ को निःसंकोच होकर पुलिस प्रशासन के समक्ष रखें निश्चित रूप से त्वरित कार्रवाई किया जायेगा। एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि आप अपने हक अधिकार को लेकर एकजुटता दिखाते हुए आगे बढ़ें और हर चुनौतियों का सामना करें, पुलिस प्रशासन आपके साथ हमेशा खड़ा है। उन्होंने कहा कि आज भी लोगों में जेंडर को लेकर भेद-भाव कहीं-कहीं है उसे दूर करने में हम सभी को आगे आने की जरूरत है। एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि पुलिस प्रशासन महिलाओं को सशक्त बनाने और उन्हें उनका शत-प्रतिशत हक अधिकार दिलाने हेतु हमेशा सकारात्मक भूमिका निभाने का कार्य करते आ रही है। उन्होंने कहा कि आप बेझिझक होकर पुलिस के समक्ष अपनी परेशानियों को रखें ताकि शीघ्र कार्रवाई किया जा सके। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि लोहरदगा पुलिस महिलाओं की रक्षा हेतु हर वक्त तत्पर है। साथ ही जिले में अनेकों सामाजिक संगठन संचालित है, जो महिलाओं के हित में काफी सकारात्मक और बेहतर कार्य कर रही है आप उनके साथ जुड़कर भी अपनी परेशानियों को रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि आप शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ें ताकि आपके साथ किसी भी तरह की समस्या को लेकर लड़ने की इच्छा शक्ति का निर्माण हो सके।

# कैंडल मार्च के माध्यम से बाल विवाह रोक थाम और जागरूकता पर डाला गया प्रकाश




आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** बाल विवाह रोक थाम और जागरूकता को लेकर सरकार द्वारा विभिन्न रूप से अभियान चलाया जा रहा है। और क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी निमित लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के गगेया ग्राम में युवक युवती और अभिभावकों को शपथ दिलाया गया। विदित हो कि सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अन्तर्गत गगेया ग्राम में ग्रामीणों के बीच बाल विवाह रोक थाम को लेकर शपथ कार्यक्रम के पश्चात बुधवार रात्रि में ग्रामीण जागरूकता हेतु कैंडल मार्च निकाला गया। आयोजित कार्यक्रम में सहिया शकुंतला देवी द्वारा ग्रामीणों को जानकारी देते हुए बताया गया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है। कानून के अनुसार लड़को का विवाह हेतु 21 वर्ष तथा लड़कियों का विवाह हेतु 20 वर्ष उम्र निर्धारित किया गया है। जबकि इस नियम को ताख पर रख आज भी ग्रामीण क्षेत्र में बाल विवाह पर जो दिया जा रहा है। जिसपर अंकुश लगाने का दिशा में सरकार द्वारा बाल विवाह रोकथाम जागरूकता अभियान विभिन्न रूप में चलाया जा रहा है। जिसमे सभी ग्रामीणों का सहयोग अपेक्षित है। और जागरूकता अभियान में मिल जुल कर कार्य करने की दिशा में ग्रामीण महिला पुरुष और युवक युवतियों को जागरूक करने को लेकर शपथ दिलाया गया। साथ ही बताया गया कि अशिक्षा व जनकारी के अभाव में आज भी समाज में बाल विवाह हो रहा है जिसके कारण समाज में बुरा असर पड़ रहा है। साथ ही बताया गया कि सभी वर्ग के लोग यदि सजग रहेंगे तो समाज से बाल विवाह का प्रचलन समाप्त हो सकता है। बाल विवाह जैसे कुप्रथा को रोकने के लिए सरकार द्वारा कड़ा कदम उठाया जा रहा है।

मौके पर सहिया शकुंतला देवी के अलावे सपना कुमारी,अनिल उरांव, धनेश्वर उरांव, संगीता देवी, सुनील उरांव, ज्योति कुमारी, अमृता सिंह, सिखा कुमारी,बिट्टू सिंह, राजा उरांव, नागमनी उरांव, भीमा दस गोस्वामी, सुनील उरांव सहित अन्य ग्रामीण महिला पुरुष और युवक युवतियां शामिल थे।

### वरिष्ठ नेता त्रिवेणी दास ने भाजपा को मिली कम सीट पर दी प्रतिक्रिया

# आखिर कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण कब तक और कितना

## कहा, विधानसभा चुनाव के बाद हो रही हार जीत की समीक्षा हो

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भाजपा के वरिष्ठ नेता त्रिवेणी दास ने पूरे प्रदेश में विधानसभा चुनाव में भाजपा को कम सीट मिलने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त किया है। कहा कि भारतीय जनता पार्टी के द्वारा झारखंड में 2024 के विधानसभा चुनाव के बाद हार-जीत की समीक्षा एवं विश्लेषण प्रत्येक स्तर पर की जा रही है। अनेक कारण गिनाये जा रहे हैं, जबकि ईमानदार विस्तृत विवेचना और प्रत्येक स्तर पर समाधान नितांत आवश्यक है। झारखंड में एक बहुत बड़ी आबादी आदिवासी बहन भाइयों की है जो गांव देहात और सुदूर ग्रामीण परिवेश में निवास करते हैं। उनका अपना जीवन स्तर और जीवन शैली है। उन्हें ऐसा नेता चाहिए जो अतिरिक्त चमक-दमक से दूर उन्हें अपने बीच का लगे और जो उनके बीच रहकर उनके विकास के लिए कार्य करे जिसका लाइफस्टाइल आदिवासीयत जैसा लगे। सदान आबादी (व्यापारी, ओबीसी, नौकरीपेशा, मध्यम वर्ग इत्यादि) की अपनी समस्याएं हैं। उन्हें साधना थोड़ा सरल तो है परंतु उन्हें भी नेताओं के ऊपर विश्वास होना आवश्यक है जबकि नेताओं की कार्यशैली प्रश्न खड़ा करता है। भाजपा के सामने एक सवाल और भी है कि आखिर कार्यकताओं का प्रशिक्षण कब तक और कितना? कार्यकर्ता अपने कार्य क्षेत्र के जन समस्याओं के लिए कितना संघर्ष करता है और कितना मुखर रहता है? सोशल मीडिया का अपना एक सीमित प्रभाव है परंतु उसका सदुपयोग हो रहा है अथवा केवल चेहरे चमकाया जा रहे हैं? संगठन का शीर्ष नेतृत्व कार्यकताओं से स्वयं को कितना कनेक्ट कर पा रहा है क्योंकि उनका कनेक्शन ही कार्यकताओं के लिए प्राण वायु का कार्य करता है। सीमित दृष्टिकोण होने के कारण प्रदेश कार्यालय में क्रियाकलाप करने वाले राज्यसभा में भेज दिए जाते हैं जबकि एक भी उदाहरण ऐसा नहीं है कि जिला के कोई कार्यकर्ता को राज्यसभा के लिए उपयुक्त समझा गया हो। अब समय आ गया है कि कार्यकर्ताओं को उसके प्रश्नों का सही-सही उत्तर दिया जाए जिससे वह संतुष्ट होकर निष्ठा पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सके।

## आज से अपने निर्धारित समय से चलेगी लोहरदगा-रांची मेमू ट्रेनें

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** 29.11.24 से 03.12.24 तक ट्रेन संख्या 08693 जो रांची से शाम 6:40 में रांची से लोहरदगा के लिए खुलती थी और 08694 जो लोहरदगा से रात्रि 8:30 में रांची के लिए खुलती थी। अब अपने समयानुसार चलेगी। ब्रिज ब्लॉक प्रोग्राम कैंसिल हो गया है। उक्त आशय की जानकारी रेलवे अधिकारी राजेश कुमार ने दी है।


देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.in


# अज्ञात अपराधीयो ने मचाया तांडव रेलवे साइडिंग पर किया गोलीबारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बालूमाथ।** बालूमाथ में अज्ञात अपराधियों ने बालूमाथ रेलवे कोयला साइडिंग में जमकर उत्पात मचाया । और गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया । घटना अहले सुबह 4:30 बजे की बताई जाती है। जहां अपाची मोटरसाइकिल से दो की संख्या में आए अज्ञात अपराधियों ने कोयला लदे दो हाईवा वाहनों पर कई राउंड गोलियां चलाई। जिससे एक हाइवा के शीशा और टायर में गोली लगी है ।वही दूसरे हाइवा में गोली लगने से तेल टंकी फुट गया ।जेएच 19ई3275 हाइवा के चालक सन्दीप गंझु गरेन्जा थाना बालूमाथ निवासी और जेएच 19ई6183 के चालक सुरेश गंझु चंदवा निवासी ने बताया कि वे लोग मगध कोलियरी से कोयला लोड कर बालूमाथ कोयला साइडिंग पहुंचे हुए थे। जहां साइडिंग में अज्ञात अपराधियो ने गोलीबारी किया। डर से हमलोग किसी तरह जान बचाकर छुप गए ।वही घटनास्थल से महज 100 मीटर दूर पुलिस कैम्प भी है। वहीं घटना की सूचना पाकर बालूमाथ सर्किल इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार समेत पुलिस बल के जवान घटनास्थल पहुंचकर मामले की जानकारी हासिल कर रहे हैं । वहीं घटना से इलाके में दहशत व्याप्त है ।

## कोल्हान की खबरें

### डीसी ने धान अधिप्राप्ति अनुश्रवण समिति के साथ की बैठक

# लैंपस में ही धान विक्रय करें किसान, बिचौलियों से रहे सावधान : डीसी

## जिले में 6 लाख क्विंटल धान क्रय का लक्ष्य, योग्य किसानों को समयबद्ध भुगतान करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** जिले के डीसी अनन्य मित्तल ने धान अधिप्राप्ति को लेकर जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति के साथ बैठक की। गुरुवार को आयोजित बैठक में डीडीसी भगीरथ प्रसाद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, जिला सहकारिता पदाधिकारी आशा टोप्पो,जिला कृषि पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।मौके पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा राज्य के द्वारा जिले में खरीफ विपणन मौसम 2024-25 में 6 लाख क्विंटल धान क्रय का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस वर्ष धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रुपये व बोनस 100 रुपये निर्धारित है। कुल 2400 रुपए प्रति क्विंटल की दर से किसानों से धान का क्रय किया जायेगा। इसके लिए 42 लैंपस और 20 मीलरों की सूची प्राप्त है। जिन्हें संबद्ध किया जाना है। **लैंपस में ही धान विक्रय करें किसान, बिचौलियों से रहे सावधान : डीसी अनन्य मित्तल**

बैठक में डीसी अनन्य मित्तल ने धान क्रय को लेकर विभागीय पादधिकारियों से पूरी कार्ययोजना की जानकारी ली। साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए धान अधिप्राप्ति को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होने पदाधिकारियों को निर्देशित किया किसानों को लैंपस में ही धान विक्रय के लिए प्रेरित करें। सरकार द्वारा समर्थित मूल्य में अपना उत्पादन बेचें, बिचौलियों से सावधान रहें। मौके पर डीसी ने सभी लैंपस में धान अधिप्राप्ति के दौरान पर्याप्त कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा धान खरीदी में किसी प्रकार की अनियमिता न हो इसकी मॉनिटरिंग हरेक स्तर पर पदाधिकारी करेंगे। साथ ही राशि का भुगतान ससमय सुनिश्चित करेंगे।मौके पर डीसी ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को लैम्पस के माध्यम से किसानों को धान अधिप्राप्ति योजना के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। बैठक में सर्वसम्मति से चयनित धान अधिप्राप्ति केन्द्रों को नजदीकी राइस मिलरों से संबद्ध किए जाने का निर्णय लिया गया।

# 75वें वर्ष के अवसर पर छात्रों के लिए प्लेटिनम जुबली एक्सपो विजिट का किया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल), जमशेदपुर ने सीएसआईआर-एनएमएल के 75वें वर्ष के अवसर पर छात्रों के लिए प्लेटिनम जुबली एक्सपो विजिट का आयोजन किया। विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्रों और शिक्षकों ने वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार के बारे में अपने ज्ञान को बढ़ाने के लिए एक्सपो को देखा। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, टाटानगर के 180 छात्रों, भवानीपुर एजुकेशन सोसाइटी कॉलेज, कोलकाता के 27 छात्रों, एनआईटी जमशेदपुर के 6 छात्रों और श्रीनाथ विश्वविद्यालय, जमशेदपुर के 21 छात्रों ने सीएसआईआर-एनएमएल का दौरा किया। उनके साथ संकाय सदस्य भी थे। सुबह उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम की शुरूआत सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी द्वारा दिए गए स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी उपस्थित लोगों का स्वागत किया और विभिन्न तकनीकी विकास और अग्रणी कार्यों के माध्यम से पिछले 75 वर्षों में राष्ट्र के विकास में सीएसआईआर-एनएमएल के योगदान का संक्षेप में उल्लेख किया।

## अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा की ओर से गो सेवा का आयोजन



**चाईबासा (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन चाईबासा सृजन शाखा की ओर से गो सेवा का आयोजन किया गया। गुरुवार को गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में सभी महिला सदस्यो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मौके पर गायों के लिए गुड, चोकर, हरा साग और चना दाल उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष रुचि चौबे, सचिव सुधा अग्रवाल, मीनू लोधा, रिंकी चिरानिया, खुशबू शर्मा, उर्मिला गर्ग, श्रुति अग्रवाल, चंद्र अग्रवाल, श्वेता नरेडी, नेहा शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे। इसकी जानकरी अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन चाईबासा सृजन शाखा के प्रेस प्रभारी स्वाति पड़िया ने दी।

## इचागढ़ से दूसरी बार विधायक बनी सविता महतो का युवा नेता सन्नी सिंह ने किया अभिनंदन



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र से शहीद परिवार की बहू झामुमों विधायक सविता महतो की दूसरी बार जीत की खूशी में युवा नेता सनी सिंह ने खुशी जाहिर की। मौके पर झामुमो में शामिल हुए युवा नेता सनी सिंह ने विधायक सविता महतो को गुलदस्ता भेट कर अभिनंदन किया। इससे पूर्व सन्नी सिंह आजसू युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रह चुके हैं। उन्होंने विधानसभा चुनाव से पूर्व अपने पदों से इस्तीफा देकर सैकड़ो समर्थको के साथ झामुमो में शामिल हुए थे।

## टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के पुन: तीसरी बार अध्यक्ष बने गुरमीत सिंह, आर के सिंह को महामंत्री का पदभार



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन में पुनः तीसरी वार अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते और महामंत्री आर के सिंह की जीत होने पर कर्मचारियों में खुशी का लहर है। गुरुवार को टाटा मोटर्स यूनियन कार्यालय में दोनों नेताओं के जीत की खुशी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बधाई देने के लिए दिन भर कर्मचारी व विभिन्न यूनियन के पदाधिकारीओ का ताता लगी रही। मौके पर टाटा मोटर्स ग्रामीण विकास विभाग के महामंत्री लाल बाबू सिंह,विनोद प्रसाद, बंटी सिंह, परवेज आलम,सुनील बारिक, कमिन्स मजदूर यूनियन के अध्यक्ष दीपेंद्र चक्रवर्ती, सुमित कुमार, जनरल सेक्रेटरी आई मुरली राजू, असिस्टेंट सेक्रेटरी कामेश्वर पांडेय,सुमित कुमार मुखर्जी, टीआरएफ यूनियन से उपाध्यक्ष बेबी सिंह,जनरल सेक्रेटरी अंजनी सिंह, अस्सिटेंट सेक्रेट्री नवीन कुमार, अस्सिटेंट सेक्रेट्री मनीष कुमार, कोषाध्यक्ष प्रिया महतो, सुशील कुमार, राजीव सिंह, धर्मेंद्र कुमार, डीके सिंह शामिल रहे।

## सनराइज इवेंट मैनेजमेंट इंडिया के चेयरमैन ने भोजपुरी गायिका इंदू सोनाली को किया सम्मानित



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सनराइज इवेंट मैनेजमेंट इंडिया के चेयरमैन भरत सिंह ने साकची कार्यालय में भोजपुरी संगीत जगत की विख्यात गायिका इंदू सोनाली को पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। मौके पर उन्होंने ने कहा इंदू सोनाली भोजपुरी संगीत को विश्व मंच पर एक अलग पहचान दी है।उनकी गायकी न केवल हमारी भाषा और संस्कृति को मजबूती दी बल्कि देश व विदेश के कोने कोने तक पहुंचाने का काम भी किया।उनका यह योगदान अविस्मरणीय है। वही सम्मान प्राप्त करने पर श्रीमती इंदू सोनाली ने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा यह सम्मान न केवल मेरे लिए बल्कि देश भर के सभी भोजपुरी संगीत प्रेमिओ का सम्मान है। उन्होंने कहा यह संस्कृति और संगीत को और आगे ले जाने का हर संभव प्रयास करूंगी। इस अवसर पर इंदू सोनाली ने अपने कुछ लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति दी। मौके पर भरत सिंह और इंदू सोनाली के बीच कला संस्कृति के कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

## विशुनपुर क्षेत्र में 30 एकड़ तक फैले अवैध खनन की हुई जांच, एफआइआर दर्ज

# अवैध खनन के खिलाफ गुमला प्रशासन ने उठाया सख्त कदम

आजाद सिपाही संवाददाता



- खनन क्षेत्रों में अनियमितताओं के आधार पर संबंधित खनन पट्टों की समीक्षा और रद्दीकरण की प्रक्रिया शुरू की गयी।
- अवैध खनन में संभावित संलिप्तता की जांच के लिए विस्तृत पड़ताल का आदेश दिया गया।
- खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम, 1957 की धारा 21(6) के तहत मामले दर्ज किये गये।

**गुमला।** जिला प्रशासन द्वारा उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निदेर्शानुसार दिनांक 27 नवंबर 2024 को विशुनपुर अंचल के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध खनन के खिलाफ एक व्यापक छापेमारी अभियान चलाया गया। इस अभियान का संचालन गुमला जिला टास्क फोर्स और लोहरदगा एवं गुमला फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस कार्रवाई में वन प्रमंडल पदाधिकारी गुमला, अहमद बेलाल अनवर की अध्यक्षता में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चैनपुर, अनुमंडल पदाधिकारी गुमला, जिला खनन पदाधिकारी गुमला, और अंचल अधिकारी घाघरा सहित कई अधिकारी शामिल थे। सुबह 7:00 बजे से शुरू हुए इस औचक छापेमारी अभियान के दौरान कई स्थानों पर अवैध खनन गतिविधियां उजागर हुईं। विशुनपुर क्षेत्र के जांच के दौरान, यह पाया गया कि बिशुनपुर एवं अम्तिपानी क्षेत्र में पट्टा क्षेत्र से बाहर अवैध खनन गतिविधियां की जा रही थीं। ऐसे स्थानों पर लगभग 20 एकड़ जमीन पर खनिज उत्खनन से जुड़ी अनियमितताओं के प्रमाण मिले, जो खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम, 1957 का उल्लंघन है। **बहरगड़ा और रामझरिया क्षेत्र:** यहां पर भी वन भूमि सहित अन्य क्षेत्रों में अवैध उत्खनन के स्पष्ट प्रमाण पाये गये। बाउंड्री पिलर्स गायब एवं क्षतिग्रस्त पाये गये, और कुछ स्थानों पर ब्लास्टिंग के संकेत भी मिले। **पिरहापाट मोड़:** इस क्षेत्र में लगभग 30 एकड़ भूमि पर अवैध बॉक्साइट खनन की गतिविधियां पायी गयीं। ब्लास्टिंग के प्रमाण भी दर्ज किये गये। उपायुक्त द्वारा गठित त्रिस्तरीय जांच समिति की अनुशंसा पर निम्नलिखित कदम उठाये गये है। **सरकारी राजस्व और राष्ट्रीय संपत्ति की रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता:** इस जांच में यह स्पष्ट हुआ कि इन अवैध गतिविधियों से सरकारी राजस्व और राष्ट्रीय संपत्ति को बड़ा नुकसान हो रहा था। बिना वैध अनुमति के खनिजों का उत्खनन और उनका परिवहन गंभीर अपराध है। **सुरक्षा प्रबंध:** इस क्षेत्र की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए, छापेमारी के दौरान 40 पुलिसकर्मियों और छह अमीनों की तैनाती की गयी। गुमला जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि प्राकृतिक संसाधनों और पर्यावरण की रक्षा हो, और सरकारी राजस्व की चोरी पर अंकुश लगाया जाये। अवैध खनन के खिलाफ इस प्रकार की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।

# शिक्षा योजना को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, द्वारा बुधवार को समाहरणालय गुमला अवस्थित अपने कार्यालय कक्ष में झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला के अधिकारियों के साथ 'शिक्षा कर भेंट' गतिविधि अंतर्गत समीक्षा करते हुए फरवरी 2025 में आयोजित होने वाले कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में शत प्रतिशत उत्तीर्णता हेतु आवश्यक रणनीति तय की गयी । उपायुक्त द्वारा बैठक में निर्देश दिया गया कि सभी माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के साथ अधिकारियों की फिर से टैगिंग करते हुए बोर्ड परीक्षाओं में बहुत कम समय शेष रहने के कारण अधिकारियों द्वारा साप्ताहिक रूप से अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया । यह भी निर्देश दिया गया कि किसी अधिकारी को दो से अधिक स्कूल के साथ संबद्ध नहीं किया जाये।

विद्यालयों में लंबे समय से अनुपस्थित एवं कमजोर बच्चों के लिए उन्हें एक्टिव टीचर के साथ टैगिंग कर ग्रुप बनाते हुए टेलीफोन/व्हाट्सएप के द्वारा समंवय कर नियमित होमवर्क/टेस्ट के मॉडल प्रश्न भेजने और नियमित मूल्यांकन तथा अनुसमर्थन के निर्देश दिये गये । विद्यालयों के साथ संबद्ध अधिकारियों को टेलीफोनिक रूप से अनुश्रवण हेतु अनुरोध एवं फीडबैक प्राप्त करने का दायित्व जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गुमला के सभी संकाय सदस्यों को आबंटित करते हुए साप्ताहिक रूप से रोटेशन के आधार पर कार्य निष्पादन का निर्देश दिया गया। आगामी नव दिसंबर से निर्धारित प्री बोर्ड परीक्षा के आयोजन तथा मॉडल प्रश्नों को नियमित रूप से शिक्षकों को व्हाट्सएप के माध्यम से भेजने हेतु शिक्षकों की कोर टीम के गठन करते हुए परीक्षा की दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण मॉडल प्रश्न विषयवार तैयार कर नियमित रूप से स्कूल एवं छात्र छात्राओं को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया । कुछ अल्पसंख्यक विद्यालय तथा इंटर महाविद्यालय के पिछले साल 12 बोर्ड में खराब प्रदर्शन के आलोक में इस वर्ष परीक्षाफल में सुधार हेतु उनके साथ जिले के वरीय पदाधिकारियों को संबद्ध करने का निर्देश दिया गया। बोर्ड परीक्षाओं में शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यालयों को सम्मानित करते हुए उन विद्यालयों की आवश्यकतानुसार विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर देने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों द्वारा साप्ताहिक विद्यालय अनुश्रवण के दौरान विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने, प्रबंधन समिति/अभिभावक शिक्षक की मीटिंग का आयोजन, प्रोजेक्ट रेल टेस्ट के रजिस्टर देखने तथा शिक्षकों एवं छात्रों के प्रोत्साहन सहित मॉडल प्रश्नों के आधार पर परीक्षा तैयारी, छात्रों के स्वाध्याय, शिक्षकों द्वारा नियमित कक्षाएं तथा कोर्स पूरा किया जाना, विषयवार रेमेडियल कक्षाओं का आयोजन सहित बोर्ड परीक्षा के बेहतर परिणाम हेतु आवश्यकतानुसार मूल्यांकन एवं अनुसमर्थन करेंगे। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां, एडीपीओ ज्योति खलखो, लेखा पदाधिकारी माधुरी मिंज, सहायक अभियंता शमशाद अली, एपीओ रोज मिंज एवं शुभकामना प्रसाद, लेखापाल सूफिया खान और फील्ड मैनेजर रामचंद सिंह के साथ 'सिकछा कर भेंट' गतिविधि के सहायक नोडल पदाधिकारी सह बीपीओ दिलदार सिंह उपस्थित थे ।

# जामताड़ा के 60 रनों के लक्ष्य को पार नहीं कर सकी सरायकेला की टीम, मैच हुआ टाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जेएससीए अंतर जिला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में छोटे स्कोर के रोमांचक मैच में जामताड़ा और सरायकेला-खरसावां के बीच का मुकाबला बराबरी पर रहा। टाई मैच में दोनों ही टीमें दो-दो अंक के साथ अगले चक्र में पहुंची। जिला मुख्यालय स्थित तेलगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर-14 टूर्नामेंट में गुरुवार को खेले गये मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते जामताड़ा की पूरी टीम 11.2 ओवरों में महज 60रनो पर ढेर हो गयी। टीम की ओर से प्रियांशु कुमार ने सर्वाधिक 15 व सकिल अहमद ने दस रनो का सहयोग किया। खरसावां की ओर से जय कुमार ने बेहतरीन गेंदबाजी करते छः ओवरों में 27 रन देकर सात विकेट अर्जित किया। 37 के स्कोर पर दूसरा विकेट गवांने वाली जामताड़ा की टीम जय की हैट्रिक सहित सात विकेट के सामने 60 रनो पर सिमट गयी। अमन और विवन को एक-एक विकेट मिला, मामूली लक्ष्य का पीछा करने उतरी खेरसावां की टीम भी तु चल मै आया के दर्ज खेली।

टीम की ओर से किशन ऋषि ने 16 रन बनाये, सर्वाधिक योगदान अतरिक्त का 22 रनो का रहा। और पूरी टीम 60रनो पर सिमट गयी। जामताड़ा की ओर से अंकित कुमार और शकील अहमद ने चार-चार विकेट हासिल किया। उम्दा प्रदर्शन के बदौलत जय कुमार प्लेयर ऑफ द मैच बने। टीआरडीओ रोनित सिंह, सचिव जीतेंद्र सिंह, अंपायर रमेश कुमार, प्रशांत कुमार और स्कोरर शशिभूषण मिश्रा ने जय कुमार को ट्रॉफी और पांच हजार नगद देकर पुरस्कृत किया। मौके पर मनोज चौधरी, ज्ञान प्रकाश, अंकित विश्वकर्मा, लाल चंद्रशेखर, सुनील सिंह, आयुष अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

# मसरिया डैम में दो लाख झींगा का लारवा डाला गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद केंद्रीय अंतर स्थलीय मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान के द्वारा गुरुवार को मसरिया डैम घाघरा में 2 लाख झींगा का लारवा डाला गया। इस दौरान जिला मत्स्य पदाधिकारी कुसुम लता, प्रिंसिपल इंवेस्टिगेटर एके दास के अलावे कई लोग मौजूद थे। इस संबंध में मत्स्य पदाधिकारी कुसुम लता ने बताया कि भारत में पहली बार राउंड फ्लोटिंग पेन नमक तकनीकी को मसरिया डैम में विकसित किया जा रहा है। यह एक तरह का नर्सरी है यह सीमित एरिया में 2 लाख महा झींगा का लारवा डाला जा रहा है। जैसे ही लारवा 10 से 20 ग्राम का हो जायेगा जिसके बाद इस राउंड फ्लोटिंग पेन से बाहर निकाल दिया जायेगा जिसके बाद पूरे डैम में झींगा फैल जायेगा। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि जलाशय स्तरीय मसजीवी सहयोग समिति बनाया गया है जिसमें 56 सदस्य है जिनके निगरानी में महा झिंगा रहेगा और जब यह 8-9 महीने में बेचने योग्य हो जायेगा तो इसे बेचकर समिति के लोग अपने आजीविका में सुधार कर पायेंगे। समिति को एक मोटर बोट भी देने की बात पदाधिकारी ने कही। यहां बता दें कि इससे पूर्व भी कई बार डैम में महा झींगा का लारवा डाला गया है। इस मौके पर मुख्य रूप से संतोष उरांव, परमेश्वर उरांव, जतरा उरांव, बीरी उरांव, कोले उरांव, महावीर उरांव, जगदीश मुंडा, धरमा मुंडा, छोटेश्वर मुंडा, बालमोहन मुंडा और करमा मुंडा सहित कई लोग मौजूद थे।

# सचिव मरियम हेमरोम ने ओल्ड एज होम का निरीक्षण किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**सिमडेगा।** प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा के निदेर्शानुसार गुरुवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने ओल्ड एज होम का निरीक्षण किया। इस दौरान होम में रहने वाले बुजुर्गों के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध सुविधाओं का सचिव ने जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कुछ कमियां पाई गई उसे वार्डन को दूर करने का निर्देश दिया गया। सचिव ने कहा कि होम में रहने वाले सभी बुजुर्गों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करनी है। डॉक्टरों के द्वारा नियमित रूप से हेल्थ चेकअप किया जाना है। ठंड के मौसम में बुजुर्गों को कोई परेशानी ना हो इसका खास ख्याल रखने का निर्देश दिया गया। सचिव ने सभी कक्ष का जायजा लिया। साफ सफाई पर खास ध्यान देने की बात कही। मौके पर समाजसेवियों द्वारा उपलब्ध कराए गए गर्म वस्त्र और कंबल सचिव ने होम में रह रहे लोगों को प्रदान किए। सचिव के साथ असिस्टेंट एलएडीसी सुकोमल और पीएलवी दीपक कुमार मौजूद थे।

# शिक्षक ने बेरहमी से छात्र को पीट-पीट कर किया घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर अनुमंडल के जारी प्रखंड अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सीकरी में एक बेरहम शिक्षक की करतूत सामने आयी है। शिक्षक रणविजय सिंह ने कक्षा तीन के छात्र अस्मित उरांव पिता सुशील उरांव को कचरा नहीं साफ करने पर बुरी तरह से पीट-पीट कर घायल कर दिया। इस घटना के बाद, बच्चे के दादा ने स्कूल जाकर बच्चे को अपने साथ ले आया और जारी थाना में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद अस्मित उरांव को उपचार के लिए चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने बच्चे का इलाज किया। डॉक्टर डी एन ठाकुर ने बताया कि बच्चे को आंख में गंभीर चोट लगी है और आई स्पेशलिस्ट डॉक्टर से बच्चे को दिखलाना होगा नहीं तो आंख में सूजन होने से परेशानी बढ़ जायेगी। इस घटना के बाद, लोगों में आक्रोश है और शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जा रही है। लोगो का कहना है कि एक मासूम बच्चा जो शिक्षा ग्रहण करने स्कूल जाता है उसे कचरा नहीं साफ करने पर शिक्षक बेरहमी से पीट देता है दर्द से कहर्ता बच्चा अपनी पीड़ा किसे सुनाएं। शिक्षक बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल आते हैं नाम की उन पर अत्याचार करने के लिए आज के समय में स्कूलों में पढ़ाई लिखाई जीरो हो रही है वहीं शिक्षक बच्चों के पिटाई करने मर हवामानियत पर उतर आ रहे हैं। बच्चों ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अचानक शिक्षक रणविजय से आया और घंटा से पीठ पर मरने लगा इसके बाद जल्दी-जल्दी कचरा साफ करो कहते हुए अंधाधुन पिटाई कर दी। शिक्षक की पिटाई में मुझे पीठ सर और आंख में चोट लगी है। इस संबंध में अंचलाधिकारी दिनेश गुप्ता ने कहा कि बच्चे का इलाज चल रहा है और घटना की जानकारी मिली है, जांच पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। इधर स्कूल के प्रधानाध्यापक बिलेश्वर उरांव से पूछे जाने पर उसने मजाकिया अंदाज में घटना को नकार दिया और कहा कि छुट्टी के समय बच्चे कचरा साफ करते निकलते हैं और इस दौरान दौड़ा दौड़ी में बच्चों को चोट लग गयी है। शिक्षक द्वारा पीटने की बात गलत है और लोक गलत आरोप लगा रहे हैं। इस घटना के बाद, बच्चे के परिवार में भी काफी आक्रोश है प्रशासन को इस मामले में तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए और शिक्षक को निलंबित करने की मांग की है।

# 55 यक्ष्मा मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण




आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में टीवी मुक्त भारत अभियान को लेकर 55 यक्ष्मा मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण किया गया।

इस क्रम में यक्ष्मा मरीज के बीच पोषण खाद्य पदार्थ हिंडालको सीएसआर के सहयोग से दी गयी। चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अरविंद कुशल एक्का ने कहा कि यक्ष्मा रोग के मरीज आप डरे नहीं लड़े। उक्त बीमारी ठीक होती है। आप परहेज में रहे ।दवा चिकित्सा के सलाह पर ले। नशापान से दूर रहे यक्ष्मा रोग से आपको मुक्ति मिलेगी आप स्वस्थ होंगे। मौके पर कई कर्मी हिंडाल्को के कर्मचारी और यक्ष्मा रोगी उपस्थित थे।

# झारखंड शिक्षा परियोजना एकत्रित करेगी 3 से 18 आयुवर्ग के बच्चों की शैक्षणिक स्थिति की जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड शिक्षा परियोजना गुमला द्वारा तीन से लेकर 18 आयुवर्ग के बच्चों के शैक्षणिक स्थिति की जानकारी हेतु घर घर सर्वेक्षण का कार्य आरम्भ कराया जा रहा है। जो चार दिसम्बर 2024 से चार जनवरी 2025 तक चलेगा। जानकारी देते हुए अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ज्योति खलखो द्वारा बताया गया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड, रांची अंतर्गत कार्यरत सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों के द्वारा घर-घर जाकर शिशु पंजी सर्वे का कार्य किया जायेगा। जिसमें तीन से 18 आयुवर्ग के बच्चे स्कूल जा रहे है या नहीं, इस बात की जानकारी इकट्ठी की जायेगी। जिला प्रशासन ने इस सर्वे में आम लोगों को सहयोग मांगा है। उनके द्वारा सभी से शिशु पंजी सर्वे में सहयोग करने का अनुरोध किया गया है ।

# हेदमी मैदान में विशेष शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के अति उग्रवाद प्रभावित सुदूरवर्ती इलाका हेदमी मैदान में विशेष शिविर का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम में गुमला उपयुक्त कर्ण सत्यार्थी, बीडिओ दिनेश कुमार और सीओ आशीष मंडल के अलावे कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान सभी विभाग के अलग-अलग स्टॉल लगाये गये हैं जहां ग्रामीण आवश्यकता से अनुसार आवेदन भरकर जमा किया कई आवेदक का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। यहां बता दे की बीते विधानसभा चुनाव में दीरगांव और बिमला पंचायत के दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार का निर्णय लिया था। जिसके बाद जिला प्रशासन और प्रखंड प्रशासन के द्वारा आश्वासन दिया गया था कि जो भी मूलभूत सुविधा इलाके में नहीं है उसे बहाल किया जायेगा। साथ ही मतगणना के बाद इलाके में आकर जरुरी सुविधाओं का अवलोकन करते हुए एक बेहतर रोड मैप तैयार किया जायेगा और विकास का काम किया जायेगा। इसके नियमित उपायुक्त गुरुवार को पहुंचे इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे जरुरी सुविधाओं का मांग किया। जिस पर उपायुक्त ने कहा सड़क की समस्या को लेकर प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है जल्द ही सड़क बनाया जायेगा। ग्रामीणों ने उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए दोनों पंचायत के मध्य एक विद्यालय का मांग किया, जगह-जगह पर सोलर जलमिनर जिस पर उपायुक्त ने बीडियो को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए जरुरी सुविधा बहाल करने का निर्देश दिया है। इस मौके पर मुख्य रूप से बीडिओ दिनेश कुमार, सीओ आशीष मंडल, बीपीओ बेबी कुमारी, पुष्पा टोप्पो, शंकर साहू, विवेक कुमार, विकास कुमार, राजू उरांव, तरुण साहू सहित के लोग मौजूद थे।

# भाजपा जिला अध्यक्ष ने दिया पद से इस्तीफा, आम कार्यक्रर्ताओं की तरह पार्टी में रहेगा उनका योगदान

आजाद सिपाही संवाददाता



विनय लाल जिला अध्यक्ष भाजपा

**गुमला।** भाजपा के जिला अध्यक्ष विनय लाल ने प्रदेश अध्यक्ष के नाम अपना इस्तीफा सौंप दिया है। हालांकि अभी तक उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया है। उन्होनें इस अवसर पर अपना जीवन वृत्त लोगों के बीच साझा किया। उन्होनें कहा कि वे जनसंघ ,भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता के रूप में काम किया। पार्टी ने उन्हें सम्मान देते हुए जिला अध्यक्ष गुमला का दायित्व दिया। हम सभी कार्यकर्ता प्रयास से प्रदेश कार्यसमिति गुमला में भी करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पार्टी ने उन्हे प्रदेश के महामंत्री का दायित्व सौंपा। महामंत्री के रूप में उन्होनें अपने कार्यकाल को पूर्ण किया। अनेक जिला के प्रभारी जैसे रांची ग्रामीण, पलामू प्रमंडल , चतरा , सिमडेगा जिला, बोकारो जिला, के प्रभारी के रूप में काम किया। अनेक विधानसभा के चुनाव में प्रदेश में काम करने का मौका मिला। प्रदेश के बाहर छत्तीसगढ़, बंगाल, उत्तराखंड के डोईवाला विधानसभा, आसाम प्रदेश के सिलचर और करीमगंज विधानसभा, उड़ीसा के सुंदरगढ़ विधानसभा में काम करने का सौभाग्य मिला। सांसद के चुनाव में लोहरदगा, जमशेदपुर, खूंटी, पलामू लोकसभा चुनाव में भी काम करने का अवसर प्रदान हुआ। पश्चिमी बंगाल में ओबीसी मोर्चा के प्रभारी के रूप में कार्य किया। संगठन के अनेक प्रकोष्ठ जैसे अनुशासन समिति , आपदा एवं राहत समिति, में भी काम किया। अनेक जिलों के अध्यक्ष का निर्वाचन कराया। अब वे एक कार्यकर्ता के रूप में कार्यकर्ता के बीच में रह कर आप सभी के सुख-दुःख का साथी के रूप में काम करेंगे।

